# " रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव- रीवा "

- उद्योगों के विकास से न केवल आर्थिक समृद्धि होती है, बल्कि स्थानीय रोजगार भी सृजित होते हैं। अतः प्रदेश में संतुलित और समान विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से, विंध्य क्षेत्र में पाँचवी रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव- रीवा आयोजित की गई।
- उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ किए गए संवाद से यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।
- स्थानीय MSME को बड़े उद्योगों के साथ साझेदारी करने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी वृद्धि को बल मिलेगा एवं कुटीर, ग्रामोद्योग को भी इकोसिस्टम में जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**कार्यक्रम के हाईलाइट**

**आज, आयोजन में,**

- **4000 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की।**
- **10 राज्यों से आए निवेशकों ने सहभागिता की।**
- **300 से अधिक बायर सेलर मीटिंग की गई।**
- **150 से अधिक विशिष्ट अतिथियों ने भागीदारी की।**
- **जिनमें से अधिकांश खनन एवं खनिज- (सीमेंट उद्योग), नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं पर्यटन क्षेत्र के उद्योगपति हैं और मध्यप्रदेश में रुचि रखते हैं**

**कार्यक्रम में,**

- **उद्योगपतियों द्वारा उनके अनुभव साझा किये, मध्यप्रदेश की अग्रसर औद्योगिक नीति एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण होने के कारण निवेश के निरंतर प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं जो कि हमारी प्रगतिशील औद्योगिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है।**
- **20 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों एवं उद्योग संघठनो के साथ वन-टू-वन बैठक की गई। जिनमें,**

  - श्री बालकृष्ण जी, पतंजलि
  - श्री पुनीत डालमिया, डालमिया सीमेंट
  - श्री बी नरसिम्हा राव, श्री सिद्दार्थ इंफ्राटेक (ग्रीनको)
  - श्री हरिंद्र त्रिपाठी, रिलायंस बायो एनर्जी
  - श्री कपिल राजोरिया, बीपीसीएल
  - श्री नरेश गोयल, रामा ग्रुप

आदि शामिल थे।

**उद्योगपतियों द्वारा उद्बोधन -**

- **पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण जी ने प्रदेश एवं रीवा क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। उन्होंने रीवा में उद्योग स्थापित करने के लिए स्थान चिन्हित किया है। कृषि के क्षेत्र में किसानों को कौशल प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही, उन्होंने उज्जैन में हेल्थ और वेलनेस सेंटर स्थापित करने का आश्वासन दिया है। उनके द्वारा विभिन्न सेक्टर में लगभग 1 हज़ार करोड़ के निवेश हेतु रुचि प्रदर्शित की गई है।**
- **डालमिया ग्रुप के श्री पुनीत डालमिया जी ने रीवा में 4 मिलियन टन क्लिंकर और सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने की योजना की घोषणा की, जिसमें 3 हज़ार करोड़ का निवेश होगा। यह दुनिया का पहला 100% अक्षय ऊर्जा आधारित सीमेंट संयंत्र होगा।**
  **डालमिया समूह अपनी CSR पहल के तहत दीक्षा केंद्र स्थापित करेगा। ये केंद्र स्थानीय समुदायों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे और क्षेत्र में रोज़गार के अवसर बढ़ाएंगे।**
  **ग्रुप, मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को और आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहता है। इससे राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा मिलेगा।**
- **रामा ग्रुप के श्री नरेश गोयल द्वारा फर्नीचर के क्षेत्र में सतना ज़िले में 500 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है।**

**04 सेक्टोरल सत्र –**

- **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) एवं स्टार्टअप**
- **पर्यटन**
- **खनिज साधन**
- **कुटीर उद्योगों में अवसर,**

**विषय पर आयोजित किये गये**

- **नवीकरणीय ऊर्जा के लिए एक राउंडटेबल आयोजित** की गई, जिसमें सौर ऊर्जा एवं संबंधित उद्योगों के प्रमुखों ने भाग लिया और इस क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की।
- **एमपी औद्योगिक विकास निगम (MPIDC) और नगर निगम रीवा के मध्य औद्योगिक जल आपूर्ति के लिए एग्रीमेंट हुआ।**
- **मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं AKS यूनिवर्सिटी, सतना के मध्य MoU हस्ताक्षर किया गया।** इस MoU के तहत दोनों पक्ष प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास, इंटर्नशिप और स्वरोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## आशय पत्रों का वितरण

'रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव - रीवा' में **85 इकाईयों** के आशय पत्र जारी किये गये जिनमे **146 एकड़** भूमि आवंटित की गई, जिसमें **918 करोड़** से अधिक का पूंजी निवेश एवं **3350** से अधिक व्यक्तियों को रोजगार सृजित होने की संभावना है।

## भूमि पूजन / लोकार्पण

'रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव - रीवा' में **21 इकाईयों** के भूमि पूजन / लोकार्पण किये गये **(21 में से 9 इकाईयाँ रीवा क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत है)** जिसमें **2680 करोड़** से अधिक का प्रस्तावित निवेश एवं **1830** से अधिक व्यक्तियों को रोजगार सृजित होने की संभावना है।

## निवेश प्रस्ताव

**इस बार RIC रीवा में कुल लगभग 31 हज़ार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिसमे लगभग 28 हज़ार से अधिक रोज़गार सृजित होने की संभावना है। जिनमे से प्रमुख निवेश प्रस्ताव निम्नानुसार हैं : -**

| स. क्र. | निवेशक इकाई का नाम | प्रतिनिधि | प्रस्तावित निवेश ज़िला | सेक्टर | प्रस्तावित निवेश (राशि करोड़ में) | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सिद्दार्थ इंफ्राटेक (ग्रीनको) | श्री बी नरसिम्हा राव | पन्ना एवं रीवा | नवीकरणीय ऊर्जा | 12800 | 6400 |
| 2 | ऋत्विक प्रोजैक्ट्स प्रा. लि. | श्री सी एम राजेश | पन्ना | नवीकरणीय ऊर्जा | 4000 | 2400 |
| 3 | केजेएस सीमेंट | श्री संजय त्यागी | मैहर | सीमेंट | 1400 | 200 |
| 4 | पतंजलि आयुर्वेद | आचार्य बालकृष्ण | विभिन्न क्षेत्र | वेलनेस एवं फ़ूड प्रोसेसिंग | 1000 | 2500 |
| 5 | रामा ग्रुप | श्री नरेश गोयल | सतना | फर्नीचर | 500 | 100 |
| 6 | सोलर एएमसी सर्विस प्रा लि | श्री दिगेन्द्र राठौर | - | नवीकरणीय ऊर्जा | 400 | 200 |
| 7 | बीपीसीएल | श्री कपिल राजोरिया | सिंगरौली | पेट्रोकेमिकल | 300 | 300 |
| 8 | माँ शारदा मिनरल्स | श्री आदित्य बैरी | मैहर | माइनिंग | 225 | 50 |
| 9 | एस गोयंका ग्रुप | श्री सुखदेव प्रसाद गोयंका | कटनी | सीमेंट क्लिंकर एवं वाल पुट्टी | 200 | 500 |
| 10 | शिव शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी | श्री संजय सिंह चौहान | रीवा | इंफ्रास्ट्रक्चर | 175 | 200 |

| स. क्र. | निवेशक इकाई का नाम | प्रतिनिधि | प्रस्तावित निवेश ज़िला | सेक्टर | प्रस्तावित निवेश (राशि करोड़ में) | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | सुदर्शन टेक्नो सोल्यूशंस प्रा लि | श्री प्रतीक गोला | जबलपुर | रक्षा उत्पाद | 100 | 50 |
| 12 | मेहरोत्रा बिल्डकोन प्रा. लि. | श्री अतुल मेहरोत्रा | सतना | खाद्य प्रसंस्करण | 100 | 50 |
| 13 | इंडो बेस्ट राइस मिल | श्री भूपेन्द्र कुमार द्विवेदी | रीवा | खाद्य प्रसंस्करण | 100 | 50 |
| 14 | विज़क्राफ्ट सोल्यूशंस प्रा लि | श्री संतोष कांबले | रीवा | मैन्यूफ़ैक्चरिंग | 20 | 100 |
| 15 | महान एनर्जन लिमिटेड (अदानी समूह) | | सिंगरौली | कोल ब्लाक | 2528 | 5500 |
| 16 | जय प्रकाश पावर वैंचर्स | | सिंगरौली | कोल ब्लाक | 750 | 600 |
| 17 | एनटीपीसी विन्ध्यांचल (विन्ध्यनगर) | | सिंगरौली | नवीन सोलर एनर्जी प्लांट | 103 | 200 |
| 18 | मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमि. | | मैहर | सीमेंट इकाई | 3000 | 3500 |
| 19 | निसर्ग इस्पात | | सीधी | रेयर -अर्थ एवं ग्रेफाईट ब्लाक में | 1000 | 1400 |
| 20 | एम.सैण्ड एवं गिट्टी निर्माण क्रेशर प्लांट में प्रस्तावित निवेश (14 प्रस्ताव) | | सतना, मैहर, मऊगंज, रीवा | विविध | 50 | 500 |
| 21 | अन्य | | रीवा संभाग | | 2063 | 2845 |
| | | | | कुल | 30814 | 27645 |

इस तरह वृहद् उद्योग, एमएसएमई, खनिज एवं अन्य सेक्टर में कुल लगभग 31 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमे लगभग 28 हज़ार लोगों को रोज़गार सृजित होगा।

इस बार की RIC की विशेषता यह है कि मध्यप्रदेश के अनेक क्षेत्रों के साथ विंध्य क्षेत्र में ही प्रमुखता से लगभग 80 प्रतिशत निवेश प्राप्त हुए जो विंध्य के चहुमुखी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

## माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा घोषणाएँ :-

1. दिनांक 20.10.2024 को उद्योगपतियों के साथ चर्चा के दौरान यहाँ इनलैंड कंटेनर डिपो (ICD) की माँग की गई थी। परीक्षण उपरांत यह पाया गया कि रीवा संभाग में सिंगरौली एवं कटनी में ICD का निर्माण सर्वाधिक उपर्युक्त होगा। हमने यह निर्णय लिया है कि रीवा संभाग में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं यहाँ से एक्सपोर्ट सुविधाजनक करने के उद्देश्य से एक की जगह दो इनलैंड कंटेनर डिपो (ICD) का निर्माण किया जाएगा। यही नहीं इन ICD के साथ मल्टीमोडल लॉजिस्टिक पार्क भी निर्मित किया जाएगा।

2. रीवा संभाग के सिंगरौली, सीधी, मऊ गंज, मैहर ज़िले में एमएसएमई विभाग के औद्योगिक क्षेत्र नहीं हैं, में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएँगे।

3. ज़िला रीवा एवं सतना में वर्तमान स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएँगे।

4. औद्योगिक क्षेत्र उद्योगद्वीप वैढ़न में जल आपूर्ति हेतु 84 लाख रुपए की लागत से योजना क्रियान्वित की जाएगी।

5. विंध्य क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनाएँ हैं, इसके लिए -

   a. देशी एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष टूर पैकेज एवं पर्यटन सर्किट बनाये जाएँगे तथा देश के अन्य शहरों और विदेशों में विशेष प्रचार एवं प्रसार किया जाएगा।

   b. संजय दुबरी नेशनल पार्क के आसपास अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटक सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

   c. विंध्य क्षेत्र में निजी निवेश के माध्यम से बेहतर होटल, रिसोर्ट तथा पर्यटन परियोजनाएं विकसित करने के लिए पर्यटन निवेश नीति में और अधिक आकर्षक प्रावधान जोड़े जाएँगे।

**RIC रीवा की विशेषता :**

1. नवीकरणीय ऊर्जा जैसे ग़ैर परंपरागत क्षेत्रों में भी निवेशकों की अत्याधिक रुचि प्राप्त हुई है।
   i. उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश के बीच सोलर ग्रिड स्थापित कर परस्पर ऊर्जा सहयोग करेंगे एवं कॉम्प्लिमेंटरी बिजली सप्लाई करेंगे।
   ii. 'कुसुम' जैसी योजनाओं के माध्यम से 'ऊर्जा की खेती' करने की संभावना मिली है।
2. एमएसएमई, कुटीर एवं वृहद् उद्योगों को एक साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास है।
3. निवेशकों द्वारा मध्यप्रदेश की सुशासन, निवेश के लिए वातावरण और हैंड होल्डिंग एवं नीतियों को सराहा है।
4. स्थानीय जनप्रतिनिधि, आमजन और सभी वर्गों में उत्साह का संचार हुआ है।

**समापन बिंदु -**

- **हम इस क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक समृद्धि के नए शिखरों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मेलन विंध्य की अनमोल धरोहर को आगे बढ़ाते हुए, इसे औद्योगिक विकास के नए शिखरों तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास है।**
- **एक तरफ़ हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विंध्य के औद्योगिक विकास के लिए प्रयासरत है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर बनाने हेतु हाल ही में एयरपोर्ट का शुभारंभ किया गया है।**
- **इस सम्मेलन के माध्यम से हम एक नई दिशा में बढ़े हैं। हमारा लक्ष्य है कि विंध्य को एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करें, जो न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश का औद्योगिक केंद्र बने।**
- **मैं सभी उद्योगपतियों और निवेशकों का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इस सम्मेलन में भाग लिया और इस क्षेत्र में निवेश करने की रुचि दिखाई। राज्य सरकार उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सहायता और सहयोग देने का प्रयत्न करेगी, जिससे इस क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।**
- **आपका सहयोग और समर्थन, विंध्य क्षेत्र के समृद्ध एवं समग्र विकास के संकल्प को मजबूत करेगा।**

**मैं, माननीय मोदी जी, निवेशकों, मीडिया एवं विंध्य की जानता का धन्यवाद करता हूँ।**